राजस्थान सरकार

चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग

No. PS/PHS/2009/ 195 Dated : 19th June, 2009

समस्त निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग
समस्त संयुक्त निदेशक–जोन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग
समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
समस्त प्रमुख चिकित्सा अधिकारी

महोदय,

जिला कलेक्टर्स कॉफरेन्स के समय मा0 मुख्यमंत्री महोदय ने हरित राजस्थान कार्य योजना के सम्बन्ध में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने के निर्देश जारी करते हुये योजना का शुभारम्भ किया गया।

राज्य के सभी चिकित्सा संस्थानों सैटेलाईट एवं जिला अस्पालों के साथ साथ CHCs/PHCs में कम से कम 10 वृक्ष अस्पताल परिसर में लगाये जावे। जहां अधिक भूमि उपलब्ध हो वहां और अधिक वृक्ष लगाये जावे। ये सभी वृक्ष नीम जैसे छायादार एवं लम्बी आयु वाले होने चाहिये। जिससे कि चिकित्सालय का खाली पडा क्षेत्र हरा भरा रहे तथा मरीजों एवं इनके साथ आने वाले एटेण्डेन्टस् के बैठने एवं आराम करने में सुविधा रहें। Sub-Centres पर भी 2–4 वृक्ष लगाये जावे। चिकित्सा विभाग के कार्यालयो में भी यदि खाली स्पेस उपलब्ध हो तो वहां भी आवश्यकतानुसार अधिक से अधिक वृक्ष लगाये जावे। इन वृक्षों का रख–रखाव भली प्रकार किया जावे, जिससे कि ये वृक्ष जीवित रहे और शीघ्र बडे हो। इस हेतु प्रभारी अधिकारी अनटाइड फण्ड से आवश्यक हो तो राशि का व्यय कर सकता है।

उपरोक्त सभी अधिकारीगण विभाग के डेमोग्राफर को अन्य मासिक रिपोर्टो के साथ इस वर्ष लगाये गये वृक्षों की सूचना नियमितरूप से भिजवायेगें।

भवदीय,

(आर.के. मीणा)
प्रमुख शासन सचिव